दिन - 04 | सत्र - 02 | अवधि - 1 घंटा

संख्यात्मक विकास एवं पर्यावरणीय जागरूकता

## जो कुछ मैंने देखा



**उद्देश्य**

- स्मरणशक्ति का विकास।

**प्रक्रिया**

- शिक्षक बच्चों को चार दलों में बाँट लेंगे।
- वे वर्ग-कक्ष के एक कोने में टेबुल पर लगभग एक दर्जन सामग्री, जैसे - चॉक - डस्टर, मोबाइल फोन, रुपया-पैसा, पेन-पेंसिल, रबर-कटर, स्केच पेन, कंकड़-पत्थर, फूल-पत्ती आदि किसी ट्रे, टोकरी, थाली, प्लेट में या टेबुल पर रख देंगे।
- शिक्षक सभी सामग्रियों को किसी कपड़े से ढक देंगे। अब एक-एक करके दलों को बुलाएँगे। उन्हें उन सामग्रियों को ध्यान से देखने के लिए दो मिनट का समय देंगे। सामग्री को ध्यान से देखने के बाद पुनः फिर कपड़े से ढँक देंगे और उन्हें अपने स्थान पर बैठने को कहेंगे।
- वे एक-एक कर उस समूह के बच्चों को खड़ा करके पूछेंगे कि उसने कौन-कौन सी सामग्री देखी?
- शिक्षक ब्लैक बोर्ड पर उस समूह का नाम, कितनी सामग्री उसने देखी, उसे अंकों में लिखेंगे।
- यह क्रम सभी समूहों के साथ बारी-बारी से चलेगा।
- जिस समूह ने अधिक सामग्रियों का नाम बताया उसके लिए ताली बजवाकर शाबाशी देंगे।

**सामग्री**

- स्कूल के परिसर या आसपास में आसानी से मिलने वाली सामग्रियाँ।
- सामग्री में किसी भी तरह की सामग्री हो सकती है। जैसे- कई तरह की सब्जियाँ, फल-फूल, बेकार सामग्रियाँ इत्यादि।
- प्रत्येक बच्चे से दो-दो सामग्रियाँ मँगवाई जा सकती हैं।

**प्रतिफल**

- बच्चों में स्मरणशक्ति का विकास होगा।



दिन - 04 | सत्र - 03 | अवधि - 30 मिनट

भाषा विकास

खेल

## बारिश ताली



### बारिश आयी

बारिश आई, बारिश आई,
खुशियाँ लाई, मस्ती छाइ।
चूहा बाहर भींग रहा था,
झट से चुहिया छतरी लाई।
बारिश आई...

छतरी चूहा झट हटाया,
चुहिया को भी साथ नहाया।
झपटी उनपर बिल्ली मौसी,
अब तो बड़ी समस्या आई।
बारिश आई...

सोची बिल्ली खाऊँ चटपट,
भागे दोनों दौड़े सरपट।
मलती हाथ रह गई बिल्ली,
अब तो वह भी भींग नहाई।
बारिश आई...

**उद्देश्य**

- एकाग्रता, अवलोकन एवं तत्परता के कौशल का विकास।
- सुनने-बोलने के कौशल एवं लयबद्धता की समझ का विकास।

**प्रक्रिया**

**शिक्षक बच्चों से बातचीत करेंगे-**

- स्कूल में आपको अब कैसा लगता है ?
- क्या स्कूल में आपका मन लगता है ?
- कौन-कौन से बच्चे स्कूल में समय से पहले आते हैं ?
- किन-किन बच्चों को उनके मम्मी-पापा या घर के कोई अभिभावक पहुँचाने आते हैं ?
- कौन-कौन से बच्चे अपने घरों में मम्मी-पापा या दोस्तों को कविता या कहानी सुनाते हैं ?

- **बारिश ताली**- शिक्षक सभी बच्चों को गोल घेरे में खड़ा करेंगे ।
- सभी बच्चे अपने बायें हाथ की हथेली को खोलेंगे और दाएँ हाथ की अलग-अलग अँगुलियों से ताली बजाएँगे। शिक्षक जब एक संख्या बोलेंगे तो बच्चे एक अँगुली से ताली बजाते रहेंगे। यह काम 1 से 5 तक के अंकों के साथ किया जाएगा।
- बच्चे ताली बजाने का काम आँख बंद करके करेंगे।
- ताली बढ़ते क्रम एवं घटते क्रम में बजाई जाएगी। जब एक अँगुली से ताली बजेगी तो आवाज धीमी रहेगी, ज्यों-ज्यों अँगुलियों की संख्या बढ़ती जाएगी, ताली की आवाज भी तेज होती जाएगी। अंत में पाँच अँगुलियों की ताली से तेज बारिश की आवाज आएगी।
- शिक्षक बच्चों से पूछेंगे कि उन्हें आँख बंद करके ताली बजाने और उसको सुनने में कैसा लगा ?
- शिक्षक बारिश ताली को महसूस करने में बच्चों की मदद करेंगे।
- **कविता** - शिक्षक बच्चों को 'बारिश आई' कविता को हाव-भाव एवं आवाज में उतार-चढ़ाव के साथ गाकर सुनाए। शिक्षक के साथ बच्चे भी इस कविता को हाव-भाव के साथ गाएँगे।

**सामग्री**

- आवश्यकतानुसार

**प्रतिफल**

- बच्चों में एकाग्रता, अवलोकन एवं तत्परता के कौशलों का विकास होगा।
- बच्चों में कविता को सुनने-बोलने के कौशल एवं लयबद्धता की समझ का विकास होगा।

